Roll No. (अनुक्रमांक) : ........................................ Code (कूट सं.) : 821-22SS–A

# CLASS ( कक्षा )–VIII
# SOCIAL SCIENCE ( सामाजिक विज्ञान )
# ( ANNUAL EXAM ) वार्षिक परीक्षा
# ( FEB.-MAR. 2022 )

| |
|---|
| Please check that this question paper contains 35 questions and 25 pages.<br>कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 35 प्रश्न हैं तथा 25 पृष्ठ हैं। |

Time Allowed : 3 Hrs. Maximum Marks : 80

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

General Instructions : Read the following instructions carefully and strictly follow them :

1. Question paper comprises of four sections A, B, C and D. There are 35 questions and all are compulsory.
2. Section-A – question number 1 to 20 are very short answer type questions carrying one mark each.
3. Section-B – question number 21 to 28 are short answer type questions carrying 3 marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.
4. Section-C – question number 29 to 34 are long answer type questions carrying 5 marks each. Answer to each question should not exceed 120 words.
5. Section-D – question number 35 is map-based question carrying 6 marks with two parts 35(A) from Geography (4 marks) and 35(B) from History (2 marks).
6. Answers should be brief and to the point. Also the word limit mentioned above be adhered to as far as possible.
7. There is no overall choice in the question paper. However internal choice has been provided in a few questions. Only one choice in such questions is to be answered.
8. Attach the map with your answer book.
9. In addition to these separate instructions are given with each section and question wherever necessary.

**सामान्य निर्देश : निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और उनका सख्ती से पालन करें :**

1. प्रश्न पत्र में चार खंड A, B, C और D हैं। इसमें 35 प्रश्न हैं और सभी अनिवार्य हैं।
2. खंड A – प्रश्न संख्या 1 से 20 तक, एक अंक वाले अति लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं।
3. खंड B – प्रश्न संख्या 21 से 28 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

4. खंड C –प्रश्न संख्या 29 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. खंड D – प्रश्न संख्या 35 मानचित्र आधारित है जिसमें दो भाग हैं, भूगोल से 35(A) (4 अंक) और इतिहास से 35(B) (2 अंक) के साथ 6 अंक का है।
6. उत्तर संक्षिप्त और सटीक होने चाहिए। साथ ही उपरोक्त शब्द–सीमा का यथासम्भव पालन किया जाये।
7. प्रश्न–पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना है।
8. मानचित्र को अपनी उत्तरपुस्तिका के साथ संलग्न करें।
9. इसके अलावा जहाँ कहीं आवश्यक है, प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग–अलग निर्देश भी दिए गए हैं।

---

## Section-A

1. Which one of the following option differentiates between a developed and a developing country ? 1

   A. Availability of water B. Availability of resources

   C. Availability of advance technology

   D. Availability of transport

   निम्नलिखित में से कौन सा एक विकल्प विकसित और विकासशील देश में अंतर करता है?

   (क) पानी की उपलब्धता (ख) संसाधनों की उपलब्धता

   (ग) उन्नत प्रौद्योगिकी की उपलब्धता (घ) परिवहन की उपलब्धता

2. Which one of the following is a feature of 'intensive subsistence agriculture' ?

   A. Farming is done at large scale 1

   B. Heavy use of labour is done

   C. Less use of labour is done D. Per hectare yield is low

   निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प 'गहन निर्वाह कृषि' की एक विशेषता है?

   (क) खेती बड़े पैमाने पर की जाती है (ख) श्रम का भारी उपयोग होता है

   (ग) श्रम का कम उपयोग होता है (घ) प्रति हेक्टेयर उपज कम होती है

3. Which one of the following states in India has low density of population ? 1

A. Madhya Pradesh B. Gujarat

C. Maharashtra D. Arunachal Pradesh

भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व कम है?

(क) मध्य प्रदेश (ख) गुजरात

(ग) महाराष्ट्र (घ) अरुणाचल प्रदेश

Child Sex Ratio in Age Group 0-6, 2011 (States/Union Territories)




4. Look at the given map and choose the set of two states having lowest sex ratio from the given options : 1

A. Punjab and Haryana

B. Jammu and Kashmir and Himachal Pradesh

C. Assam and Arunachal Pradesh

D. Punjab and Uttarakhand

दिए गए मानचित्र को देखिए और न्यूनतम लिंगानुपात वाले दो राज्य दिए गए विकल्पों में से चुनिए–

(क) पंजाब और हरियाणा (ख) जम्मू और कश्मीर और हिमाचल प्रदेश

(ग) असम और अरुणाचल प्रदेश (घ) पंजाब और उत्तराखंड

Alternative question for visually challenged students in lieu of Q. No. 4

Name one state each with lowest sex-ratio and highest sex-ratio in India. ½+½=1

**प्र.सं. 4 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न**

भारत में सबसे कम लिंगानुपात और सबसे उच्च लिंगानुपात वाले एक-एक राज्य का नाम लिखिए।

5. In which language was the Newspaper 'Kesari' published ? 1

A. English B. Hindi

C. Gujrati D. Marathi

समाचार पत्र 'केसरी' निम्नलिखित में से किस भाषा में प्रकाशित होता था?

(क) अंग्रेजी (ख) हिन्दी

(ग) गुजराती (घ) मराठी

6. In the question given below there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option : 1

Assertion (A) : The British government introduced a series of reforms such as Government of India Act, 1935.

Reason (R) : These reforms were introduced by the Britishers to pacify the Indians and weaken the freedom struggle.

Options :

A. Both (A) and (R) are true and R is the correct explanation of A.

B. Both (A) and (R) are true and R is not the correct explanation of A.

C. (A) is correct but (R) is incorrect.

D. (A) is incorrect but (R) is correct.

नीचे दिए गए प्रश्न में अभिकथन (ए) और कारण (आर) के रूप में चिहिन्त दो कथन दिए गए हैं। कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

**अभिकथन (ए) :** ब्रिटिश सरकार ने भारत सरकार अधिनियम, 1935 जैसे कई सुधारों की शुरूआत की।

**कारण (आर) :** ये सुधार अंग्रेजों द्वारा भारतीयों को शांत करने और स्वतंत्रता आन्दोलन को कमजोर करने के लिए शुरू किए गए थे।

**विकल्प :**

(क) (ए) और (आर) दोनों सत्य हैं और आर (ए) की सही व्याख्या है।

(ख) (ए) और (आर) दोनों सत्य हैं और आर (ए) की सही व्याख्या नहीं है।

(ग) (ए) सही है और (आर) गलत है।

(घ) (ए) गलत है और (आर) सही है।

7. Remains of old buildings, artifacts, inscriptions, books and other documents etc. are available for the study of the modern period in India. What information do we get from them ? 1

A. Helps in reconstructing the history of Mughal Period.

B. Helps in reconstructing the British rule over India.

C. Enables to interpret the history of medieval India.

D. Examines the development of ancient civilisation in India.

भारत में आधुनिक काल के अध्ययन के लिए पुराने भवन के अवशेष, कलाकृतियाँ, शिलालेख, पुस्तकें और अन्य दस्तावेज शासकों आदि के उपलब्ध हैं। हमें उनसे क्या जानकारी मिलती है?

(क) मुगल काल के इतिहास के पुनर्निर्माण में मदद करते हैं।

(ख) भारत पर ब्रिटिश शासन के पुनर्निर्माण में मदद करते हैं।

(ग) मध्ययुगीन भारत के इतिहास की व्याख्या करने में सक्षम बनाते हैं।

(घ) भारत में प्राचीन सभ्यता के विकास की जांच करते हैं।

8. Arrange the following events in chronological order and choose the correct answer from options given below : 1

A. Second Anglo-Maratha War

B. Third Anglo-Mysore war

C. Battle of Buxar

D. French East India Company got Dissolved

Options :

| | |
|---|---|
| 1. C, D, B, A | 2. D, C, B, A |
| 3. A, C, B, D | 4. D, C, B, A |

निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें–

| | |
|---|---|
| A. दूसरा आंग्ल–मराठा युद्ध | B. तीसरा आंग्ल–मैसूर युद्ध |
| C. बक्सर का युद्ध | D. फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी भंग हो गई |

**विकल्प :**

| | |
|---|---|
| 1. C, D, B, A | 2. D, C, B, A |
| 3. A, C, B, D | 4. D, C, B, A |

9. Match the treaties given in Column 1 with their results given in Column 2 and choose the correct answer from given options : 1

| Column 1 | Column 2 |
|---|---|
| A. Treaty of Paris | 1. Tipu Sultan and English set the prisoners free |
| B. Treaty of Salbai | 2. British occupied Jullundur Doab |
| C. Treaty of Mangalore | 3. Pondicherry was given back to French |
| D. Treaty of Lahore | 4. British gained peace with Marathas |

Options :

| | |
|---|---|
| 1. A-3, B-4, C-2, D-1 | 2. A-4, B-3, C-2, D-1 |
| 3. A-2, B-1, C-4, D-3 | 4. A-3, B-4, C-1, D-2 |

कॉलम 1 में दी गई संधियों को कॉलम 2 में दिए गए उनके परिणामों के साथ सही मिलान करें और दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें–

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| A. पेरिस की संधि | 1. टीपू सुल्तान और अंग्रेजों ने कैदियों को मुक्त कराया |
| B. सालबाई की संधि | 2. अंग्रेजों ने जालंधर दोआब पर कब्जा कर लिया |
| C. मैंगलोर की संधि | 3. पांडिचेरी फ्रांसीसी को वापस कर दिया गया |
| D. लाहौर की संधि | 4. अंग्रेजों ने मराठों के साथ शांति स्थापित की |

**विकल्प**

1. A-3, B-4, C-2, D-1
2. A-4, B-3, C-2, D-1
3. A-2, B-1, C-4, D-3
4. A-3, B-4, C-1, D-2

10. Bar Manik and Tirot Sing led the revolt of which of the following tribes ? 1

A. Mundas
B. Khonds
C. Khasis
D. Kukis

बार माणिक और तिरोट सिंह ने निम्नलिखित में से किस जनजाति के विद्रोह का नेतृत्व किया?

(क) मुंडा
(ख) खोंड
(ग) खासी
(घ) कुकी

11. Which of the following statements are correct regarding the Indian Independence Act, 1947 ? Choose the correct option from the options given below : 1

(A) The British rule over India would end with immediate effect.

(B) West Punjab, North-West Frontier Province, Sindh and East Bengal would go to Pakistan.

(C) The Princely States would join India.

(D) The Act was also known as 1935 Act.

Options :

1. A and B are correct
2. A and C are correct
3. A, B and C are correct
4. C and D are correct

भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं? नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए–

(A) भारत पर ब्रिटिश शासन तत्काल प्रभाव से समाप्त हो जाएगा।

(B) पश्चिम पंजाब, उत्तर-पश्चिम सीमा प्रांत, सिंध और पूर्वी बंगाल पाकिस्तान में जाएँगे।

(C) देसी रियासतें भारत में शामिल होंगी।

(D) अधिनियम को 1935 अधिनियम के रूप में भी जाना जाता था।

विकल्प

1. A और B सही हैं
2. A और C सही हैं
3. A, B और C सही हैं
4. C और D सही हैं।

12. Which one of the following was NOT an immediate challenge faced by India after Independence ? 1

A. Extreme Poverty B. Millions of Refugees

C. Empty Coffers D. Terrorism

निम्नलिखित में से कौन सी चुनौती स्वतंत्रता के बाद भारत के समक्ष एक तात्कालिक चुनौती नहीं थी?

(क) अत्यधिक गरीबी (ख) लाखों शरणार्थी

(ग) खाली खजाना (घ) आतंकवाद

13. Which constitutional body among the following recognises Political Parties as National Party and State Party in India ? 1

A. Parliament B. Supreme Court

C. Planning Commission D. Election Commission

निम्नलिखित में से कौन सा संवैधानिक निकाय भारत में राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय पार्टी और राज्य पार्टी के रूप में मान्यता देता है?

(क) संसद (ख) सुप्रीम कोर्ट

(ग) योजना आयोग (घ) चुनाव आयोग

14. Which of the following statements are correct regarding the purpose of the constitution ? Choose the correct option : 1

A. Defines the nature of a country's political system.

B. Guarantees certain rights to majority only.

C. Lays down rules and provide safeguard against misuse of power.

D. Allows dictatorial or biased decisions.

Options :

(a) A, B and D (b) Only A and B

(c) A, B, C and D (d) Only A and C

निम्नलिखित में से कौन से कथन संविधान के उद्देश्यों के संबंध में ठीक हैं? सही विकल्प चुनिए–

A. देश की राजनीतिक व्यवस्था की प्रकृति को परिभाषित करता है।

B. केवल बहुसंख्या लोगों को कुछ विशेष अधिकार देना।

C. नियम निर्धारित करता है और शक्ति के दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है।

D. तानाशाही या पक्षपातपूर्ण निर्णयों की अनुमति देता है।

विकल्प

(a) A, B and D (b) Only A and B

(c) A, B, C and D (d) Only A and C

15. Read the text and answer the question that follow : 1

To respect the sentiments of all religions, the government sometimes makes certain exceptions for a particular community. For example, the wearing and carrying of kirpan is included in the Sikh religion. So, they are allowed to keep a kirpan with them as a religious symbol.

The act of government mentioned in the above text is in support of which one idea given below ?

A. Republican B. Secularism

C. Sovereinity D. Federalism

निम्नलिखित पैरा को पढ़िए और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर चुनिए–

सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए, सरकार कभी-कभी किसी विशेष समुदाय के लिए कुछ अपवाद बनाती है। उदाहरण के लिए, कृपाण पहनना और धारण करना सिख धर्म में शामिल है। इसलिए उन्हें धार्मिक प्रतीक के रूप में अपने साथ कृपाण रखने की अनुमति है।

उपरोक्त पैरा में वर्णित सरकार का कार्य निम्नलिखित में से किस विचार के पक्ष में है?

(क) रिपब्लिकन (ख) धर्मनिरपेक्षता

(ग) संप्रभुता (घ) संघवाद

16. Why does the Lok Sabha has more effective control over the Union Executive ? Choose the correct option : 1

A. Question hour is held in Lok Sabha.

B. Only Lok Sabha can pass a vote of non-confidence.

C. Lok Sabha may or may not accept recommendations of Rajya Sabha regarding money bill.

D. Lok Sabha speaker can preside over joint meetings of both the houses.

लोकसभा का संघीय कार्यपालिका पर अधिक प्रभावी नियंत्रण क्यों है? सही विकल्प चुनिए–

(क) लोकसभा में प्रश्नकाल होता है।

(ख) केवल लोकसभा ही अविश्वास प्रस्ताव पारित कर सकती है।

(ग) लोकसभा धन विधेयक के संबंध में राज्यसभा की सिफारिशों को स्वीकार कर सकती है या नहीं भी कर सकती है।

(घ) लोकसभा अध्यक्ष दोनों सदनों की संयुक्त बैठकों की अध्यक्षता कर सकते हैं।

17. Which one of the following statements is INCORRECT regarding the passing of a money bill in Union Parliament ? 1

A. Bill is introduced in either of the house.

B. Lok Sabha is more powerful regarding money bill.

C. Bill becomes the laws after the consent of the President of India.

D. Lok Sabha may or may not accept recommendations of Rajya Sabha regarding money bill.

संसद में धन विधेयक पारित होने के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन गलत है?

(क) विधेयक किसी भी सदन में पेश किया जाता है।

(ख) धन विधेयक के संबंध में लोकसभा अधिक शक्तिशाली है।

(ग) विधेयक भारत के राष्ट्रपति की सहमति के बाद कानून बन जाता है।

(घ) धन विधेयक के संबंध में लोकसभा राज्यसभा की सिफारिशों को स्वीकार अथवा अस्वीकार कर सकती है।

18. For how many months can a non-member of Parliament remain a minister in the Council of Ministers ? 1

A. six months  B. one year

C. 8 months  D. 10 months

संसद का सदस्य हुए बिना नियुक्त किया गया कोई मंत्री कितने समय तक मंत्रिपरिषद का सदस्य रह सकता है?

(क) 6 महीने  (ख) एक वर्ष

(ग) 8 महीने  (घ) 10 महीने

19. Which one of the following is highest revenue court in a District ? 1

A. Courts of Commissioner  B. Courts of Collector

C. Board of Revenue  D. Metropolitan Magistrates

निमनलिखित में कौन सी अदालत किसी जिले में सबसे उच्चतम राजस्व अदालत है?

(क) आयुक्त के न्यायालय  (ख) कलेक्टर के न्यायालय

(ग) राजस्व मंडल  (घ) मेट्रोपॉलिटन मैजिस्ट्रेट

20. Under which power can a High Court transfer a case to itself if it requires interpretation of the constitution ? 1

A. Original Jurisdiction  B. Appellate Jurisdiction

C. Judicial Review  D. Court of Record

संविधान की व्याख्या की आवश्यकता होने पर उच्च न्यायालय अपनी किस शक्ति के अन्तर्गत किसी मामले को अपने पास स्थानांतरित कर सकता है?

(क) मूल क्षेत्राधिकार  (ख) अपीलीय क्षेत्राधिकार

(ग) न्यायिक समीक्षा  (घ) कोर्ट ऑफ रिकार्ड

## Section-B

21. Why is there an urgent need to use resources judiciously? Explain any three reasons. 3

संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने की तत्काल आवश्यकता क्यों है? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए।

22. "In the entire process of development, the focus should be on human development." Support the statement with three suitable arguments. 3

''विकास की पूरी प्रक्रिया में, मानव विकास पर ध्यान देना चाहिए।'' तीन तर्कों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए।

OR **( अथवा )**

"Landforms of a place affect distribution of population." Support the statement with suitable arguments.

''किसी स्थान की भू-आकृतियाँ जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करती हैं।'' तीन तर्कों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए।

23. Highlight one consequence each of the three Anglo-Maratha Wars ? 1×3=3

तीन आंग्ल-मराठा युद्धों में से प्रत्येक के एक-एक परिणाम को उजागर कीजिए।

OR **( अथवा )**

Highlight one consequence each of the second, third and fourth Anglo-Mysore war.

दूसरे, तीसरे और चौथे आंग्ल-मैसूर युद्ध के एक-एक परिणाम को उजागर कीजिए।

24. Why are restrictions imposed on our Fundamental Rights ? Analyse any two reasons. 1½+1½=3

हमारे मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध क्यों लगाए गए हैं? किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए।

OR **( अथवा )**

"Impartial attitude towards all religions has been guaranteed in our constitution in several places." Support the statement with three examples. 3

''हमारे संविधान में कई जगहों पर सभी धर्मों के प्रति निष्पक्ष रवैये की गारंटी दी गई है''। तीन उदाहरणों की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए।

25. Explain any three powers of Supreme Court of India. 3

भारत के सर्वोच्च न्यायालय की किन्हीं तीन शक्तियों की व्याख्या कीजिए।

## Source Based Questions

26. Read the source given below and answer the questions that follow : 3×1=3

Wildlife is important for its aesthetic values and ecological balance. The beauty of wild animals boosts tourism and creates jobs for the people. Animals' behaviour changes at the time of natural calamity like tsunami and earthquake. If this information can be harnessed for imparting early warning system, then life of lots of people can be saved. Dead and decaying plants and animals also produce humus, which is helpful to maintain the fertility of the soil. In various parts of the world, wild animals are hunted for various purposes like meat, skin and horns etc. This disturbs the ecological balance of the environment. Many birds have become extinct and many others are on the verge of extinction. Our forests are treasure troves of biodiversity. They harbour millions of species. Our wildlife suffers severely due to deforestation and urbanisation. Many animals have become extinct because they have lost their natural habitat. Hence, there is a great need for the conservation of wildlife.

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate option :

26.1 Why is there a need to conserve wildlife ?

A. Our wildlife suffers severely due to deforestation and urbanisation.

B. Animals have become extinct.

C. Animals have lost their natural habitat.

D. All of the above

26.2 Which of the followiong statements are true in light of conservation of wildlife in India ?

A. Hunting and poaching of animals have been banned.

B. Killing of wildlife is a punishable offence.

C. National Parks have been set-up.

D. Visitors are allowed to use forest product of National Parks.

Options :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Only D | 2. | A and B |
| 3. | A, B and C | 4. | B and C |

26.3 Wildlife is essential to :

A. Maintain ecological balance

B. To provide entertainment to the people

C. To protect the forest area

D. To prevent soil erosion

नीचे दिए गए स्रोत को पढ़ें और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें–

वन्यजीव अपने सौंदर्य मूल्यों और पारिस्थितिक संतुलन के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। जंगली जानवरों की सुंदरता पर्यटन को बढ़ावा देती है और लोगों के लिए रोजगार पैदा करती है। सुनामी और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के समय जानवरों का व्यवहार बदल जाता है। यदि इस सूचना को प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली प्रदान करने के लिए दोहन किया जा सकता है, तो बहुत सारे लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। मृत और सड़ने वाले पौधे और जानवर भी धरण पैदा करते हैं, जो मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में, जंगली जानवरों को विभिन्न प्रयोजनों जैसे मांस, त्वचा और सींगों आदि के लिए शिकार किया जाता है। यह पर्यावरण के पारिस्थितिक संतुलन को परेशान करता है। कई पक्षी विलुप्त हो गए हैं और कई अन्य विलुप्त होने के कगार पर हैं। हमारे जंगल जैव विविधता के खजाने हैं। वे लाखों प्रजातियों को शरण देते हैं। वनों की कटाई और शहरीकरण के कारण हमारे वन्यजीव गंभीर रूप से पीड़ित हैं। कई जानवर विलुप्त हो गए हैं क्योंकि उन्होंने अपना प्राकृतिक आवास खो दिया है। इसलिए, वन्यजीवों के संरक्षण की बहुत आवश्यकता है।

सबसे उपयुक्त विकल्पों को चुनकर निम्नलिखित बहु विकल्पीय प्रश्नों का उत्तर दें–

26.1 वन्यजीवों के संरक्षण की आवश्यकता क्यों है?

(क) वनों की कटाई और शहरीकरण के कारण हमारे वन्यजीव गंभीर रूप से पीड़ित हैं।

(ख) जानवर विलुप्त हो गए हैं।

(ग) जानवरों ने अपना प्राकृतिक आवास खो दिया है।

(घ) उपरोक्त सभी

26.2 भारत में वन्यजीवों के संरक्षण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है–

A. जानवरों के शिकार और अवैध शिकार पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

B. वन्यजीवों को मारना एक दंडनीय अपराध है।

C. राष्ट्रीय उद्यान स्थापित किए गए हैं।

D. आगंतुकों को राष्ट्रीय उद्यानों के वन उत्पाद का उपयोग करने की अनुमति है।

विकल्प :

1. केवल D
2. A और B
3. A, B और C
4. B और C

26.3 वन्यजीव आवश्यक हैं क्योंकि यह–

(क) पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं

(ख) लोगों के लिए मनोरंजन प्रदान करते हैं

(ग) वन क्षेत्रों की रक्षा करते हैं

(घ) मृदा अपरदन को रोकते हैं

27. Read the source given below and answer the questions that follow : 1×3=3

Before the advent of East India Company, the rural life in India was simple and self-sufficient. The British brought many changes in the field of land revenue system, agriculture, trade, industry and administration to guard their own interest. Therefore, the East India Company devised various methods to ensure the collection of revenue from Indian territories, annexed and controlled by them. As the British Empire expanded the amount of revenue also increased. So much so that land revenue became the biggest source of income for the company.

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate options :

27.1 Identify the one feature of Mahalwari system from the options given below :

A. Company could not claim on the increased income from revenue collection.

B. System established a direct settlement between government and cultivators.

C. Village committees were responsible for tax collections.

D. Revenue was directly collected from the cultivators.

27.2 Why had the tribals to move to other areas in search of livelihood ?

A. Tribal chiefs lost their power

B. They got better jobs in plantations

C. Forests were declared state property

D. Traders gave them high price for their forest produce

27.3 Which one of the following became the largest plantation industry under the Britishers in India ?

A. Coffee

B. Cinchona

C. Indigo

D. Tea

नीचे दिए गए स्त्रोत को पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें–

ईस्ट इंडिया कंपनी के आगमन से पहले, भारत में ग्रामीण जीवन सरल और आत्मनिर्भर था। अंग्रेजों ने अपने हितों की रक्षा के लिए भू-राजस्व व्यवस्था, कृषि, व्यापार, उद्योग और प्रशासन के क्षेत्र में कई बदलाव लाए। इसलिए, ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारतीय क्षेत्रों से राजस्व का संग्रह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न तरीके तैयार किए, जो उनके द्वारा नियंत्रित थे। जैसे-जैसे ब्रिटिश साम्राज्य का विस्तार हुआ राजस्व की मात्रा भी बढ़ती गई। इतना कि भू-राजस्व कंपनी के लिए आय का सबसे बड़ा स्रोत बन गया।

सबसे उपयुक्त विकल्प चुनकर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर दें–

27.1 नीचे दिए गए विकल्पों में से माहलवारी प्रणाली की एक विशेषता को पहचानिए–

(क) कंपनी राजस्व संग्रह से बढ़ी हुई आय पर दावा नहीं कर सकती थी।

(ख) प्रणाली ने सरकार और किसानों के बीच एक सीधा समझौता स्थापित किया।

(ग) ग्राम समितियाँ कर संग्रह के लिए उत्तरदायी थीं।

(घ) राजस्व सीधे काश्तकारों से वसूल किया जाता था।

27.2 आदिवासियों को आजीविका की तलाश में अन्य क्षेत्रों में क्यों जाना पड़ा?

(क) जनजातीय प्रमुखों ने अपनी शक्ति खो दी

(ख) उन्हें वृक्षारोपण में बेहतर रोजगार मिला

(ग) वनों को राज्य की संपत्ति घोषित किया गया

(घ) व्यापारियों ने उन्हें उनकी वनोपज का उच्च मूल्य दिया

27.3 निम्नलिखित में से कौन अंग्रेजों के अधीन भारत में सबसे बड़ा वृक्षारोपण उद्योग बन गया?

(क) कॉफी (ख) सिनकोना

(ग) इंडिगो (घ) चाय

28. Read the source given below and answer the questions that follow: 1×3=3

We opted for a federal form of Government where there are various levels of government. The aim of Federation is to bring unity in diversity by harmonizing the opposing forces so as to achieve common National goals. To ensure that the Union and the state governments have a definite jurisdiction of Legislative powers without any conflict or overlapping of functioning, the makers of our constitution enumerated and divided all the subjects on which laws should be made into three lists.

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate options :

28.1 Which of the following list will contain laws to keep a check on activities of WhatsApp, Twitter, Facebook ?

A. Union List B. State List

C. Concurrent List D. Residuary List

28.2 To which list is the subject Agriculture included ?

A. Union List B. State List

C. Concurrent List D. Residuary List

28.3 On which list can the Parliament as well as the state legislature, make laws?

A. Union List　　B. State List

C. Concurrent List　　D. Residuary List

नीचे दिए गए स्त्रोत को पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें–

हमने सरकार के एक संघीय स्वरूप का विकल्प चुना जहाँ सरकार के विभिन्न स्तर हैं। फेडरेशन का उद्देश्य विरोधी ताकतों में सामंजस्य बिठाकर विविधता में एकता लाना है ताकि सामान्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। यह सुनिश्चित करने के लिए कि संघ और राज्य सरकारों के पास बिना किसी संघर्ष या कामकाज के अतिच्छादन के विधायी शक्तियों का एक निश्चित अधिकार क्षेत्र है, हमारे संविधान निर्माताओं ने उन सभी विषयों को गिना और विभाजित किया है जिन पर कानूनों को तीन सूचियों में बनाया जाना चाहिए।

सबसे उपयुक्त विकल्प चुनकर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दें–

28.1 निम्नलिखित में से किस सूची में व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कानून होंगे?

(क) संघ सूची　　(ख) राज्य सूची

(ग) समवर्ती सूची　　(घ) अवशिष्ट सूची

28.2 कृषि का विषय किस निम्नलिखित सूची में सम्मिलित है?

(क) संघ सूची　　(ख) राज्य सूची

(ग) समवर्ती सूची　　(घ) अवशिष्ट सूची

28.3 संसद और राज्य विधानमंडल दोनों किस सूची के विषयों पर कानून बना सकते हैं?

(क) संघ सूची　　(ख) राज्य सूची

(ग) समवर्ती सूची　　(घ) अवशिष्ट सूची

## Section-C

29. What are Multi-Purpose River Valley Projects ? Write two of its advantages and two disadvantages. 1+2+2=5

बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाएँ क्या हैं? इनके दो लाभ और दो हानियाँ लिखिए

30. Differentiate between Cotton and Jute crop on the basis of the following : 5

(A) Soil type

(B) Temperature

(C) Rainfall

(D) Areas in the world

(E) Areas in the India

निम्नलिखित के आधार पर कपास और जूट की फसल के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए–

(A) मिट्टी का प्रकार

(B) तापमान

(C) वर्षा

(D) दुनिया में निर्माता

(E) भारत में निर्माता

OR ( **अथवा** )

Differentiate between Intensive Subsistence agriculture and Extensive agriculture on the basis of :

(A) Size of the farm

(B) Capital

(C) Labour

(D) Yield

(E) Mechanisation

गहन निर्वाह कृषि और व्यापक कृषि के बीच निम्नलिखित के आधार पर अंतर कीजिए–

(A) खेत का आकार

(B) पूंजी

(C) श्रम

(D) उपज

(E) मशीनीकरण

31. Explain any five Socio-Religious causes of revolt of 1857. 5

1857 के विद्रोह के किन्हीं पांच सामाजिक-धार्मिक कारणों की व्याख्या कीजिए।

32. Highlight any five steps taken by Indians to participate in Non-Cooperation Movement. 5

असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए भारतीयों द्वारा उठाए गए किन्हीं पांच कदमों को उजागर कीजिए।

OR (अथवा)

Highlight any five steps taken by Indians to participate in Civil Disobedience Movement.

सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लेने के लिए भारतीयों द्वारा उठाए गए किन्हीं पांच कदमों को उजागर कीजिए।

33. Describe any five features of our constitution. 5

हमारे संविधान की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

34. "As head of the government, the Prime Minister enjoys real power." In this context, highlight the role of the Prime Minister. 5

''सरकार के प्रमुख के रूप में, प्रधानमंत्री को वास्तविक शक्ति प्राप्त है।'' इस संदर्भ में प्रधानमंत्री की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

OR (अथवा)

"As the head of the state, the President of India enjoys nominal power." In this context, highlight the role of the President as a part of Executive.

''राज्य के प्रमुख के रूप में, भारत के राष्ट्रपति को नाममात्र की शक्ति प्राप्त है।'' इस संदर्भ में कार्यपालिका के एक भाग के रूप में राष्ट्रपति की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

## Section-D

35.(A) Two places A and B have been marked on the given outline political map of the world. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. 4

A. A region of high rainfall in Africa

B. A type of forest

On the same political outline map of the world locate and label the following:

C. Mediterranean forest in Europe

D. A region of low rainfall in Asia

विश्व के दिए गए रैखिक राजनीतिक मानचित्र में दो स्थान A और B अंकित किए गए हैं। उन्हें पहचानिए और उनके पास खींची गई रेखाओं पर सही नाम लिखिए।

(क) अफ्रीका में उच्च वर्षा वाला क्षेत्र

(ख) एक प्रकार का जंगल

विश्व के दिए हुए उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित करके उसका सही नाम लिखिए।

(ग) यूरोप में भूमध्यसागरीय वन

(घ) एशिया में कम वर्षा वाला क्षेत्र

Alternative question for visually challenged students in lieu of Q. No. 35(A)

A. Name any one area of high rainfall in Africa.

B. Name any two animals found in Mediterranean forests.

C. Name any one region of low rainfall in Asia.

D. Name any two trees found in Tropical Evergreen forest.

**प्र.सं. 35 (ए) के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न**

(क) अफ्रीका में उच्च वर्षा वाले किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए।

(ख) भूमध्यसागरीय वन में पाए जाने वाले किन्हीं दो पशुओं के नाम लिखिए।

(ग) एशिया में कम वर्षा वाले किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए।

(घ) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वनों में पाए जाने वाले किन्हीं दो वृक्षों के नाम लिखिए।

35(B) On the outline map of India, locate and label the following : 2

A. Epicentre of the revolt of 1857

B. Place where congress split into moderates and radicals

भारत के रैखिक मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित करके उसका सही नाम लिखिए–

(क) 1857 के विद्रोह का केंद्र

(ख) वह स्थान जहाँ कांग्रेस नरमपंथियों और कट्टरपंथियों में विभाजित हो गई थी।

Alternative question for visually challenged students in lieu of Q. No. 35(B)

A. Name the epicenter of the revolt of 1857.

B. Where did the congress split between moderates and radical members?

**दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्र.सं. 35(बी) के स्थान पर वैकल्पिक प्रश्न**

(क) 1857 के विद्रोह के उपरिकेंद्र का नाम लिखिए।


(ख) कांग्रेस; नरमपंथी और कट्टरपंथी सदस्यों के बीच कहाँ विभाजित हुई थी?

Name ________________________________ Class ___________ Roll No. _______

नाम ........................................................ कक्षा ...................... अनुक्रमांक ......................

Q. 35 (A) Map

प्रश्न संख्या 35 (ए) मानचित्र




Name ________________________________ Class ___________ Roll No. _______

नाम ...................................................... कक्षा ..................... अनुक्रमांक .....................

Q. 35(B) Map

प्रश्न संख्या 35( बी ) मानचित्र




❏❏❏